हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 298 देहरादून, शनिवार, 25 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



चारधाम यात्रा को बनाएंगे यादगार : विनय शंकर पाण्डेय 8

# चारधाम यात्रा में लापरवाही नहीं करूंगा बर्दाश्त : धामी

## चारधाम यात्रा की निरंतर मॉनिटरिंग के लिए एसीएस आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में कमेटी गठन के दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 मई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से चार धाम यात्रा के सुगम संचालन हेतु अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने सीधे कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की निरंतर मॉनिटरिंग हेतु एसीएस आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में कमेटी गठन के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर शासन के उच्च अधिकारी एवं पुलिस के आईजी स्तर के अधिकारी यात्रा के बेहतर संचालन के लिए निरन्तर फील्ड में रहें। उन्होने कहा यदि श्रद्धालु बिना रजिस्ट्रेशन के धामों में पहुंचते हैं तो इसके लिए अब संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरों में सभी श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु एक समान समय मिले। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन एवं दर्शन व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने ऋषिकेश, हरिद्वार एवं अन्य ठहराव वाले स्थानों से केदारनाथ, बद्रीनाथ हेतु जा रही गाड़ियों को अलग -अलग समय में छोड़े जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आवश्यकता हो तो बीकेटीसी से समन्वय कर मंदिरों में दर्शन का समय अवधि भी बढ़ाई जाए।


मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में आगामी मानसून सीजन को लेकर भी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाए। बरसात के दौरान चारधाम यात्रा में होने वाली परेशानियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी जाए। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं के लिए तय किए गए ठहराव वाले स्थान पर नियमित सफाई पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था की जाए। आवश्कता अनुसार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की जाए। उन्होंने कहा यात्रा को चलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा कर्तव्य।बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, एडीजी अमित सिन्हा, ए.पी अंशुमान, आईजी के.एस नगन्याल, अपर सचिव पर्यटन युगल किशोर पंत, विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।





मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा की समीक्षा की

# केदारनाथ धाम में रील बनाना पड़ा महँगा, 84 लोगों का हुआ चालान, वसूला गया जुर्माना



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट,25,मईसरकार की सख्ती और गाइडलाइन के बावजूद भी चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु मंदिर परिसर के पास 50 मीटर की दूरी के अंदर पर अभी भी रील बनाकर अपलोड कर रहे हैं. रील बनाने वाले 84 लोगों का पुलिस ने चालान करके जुर्माना लगाया गया है। बताया गया है कि इन लोगों से जुर्माने के तौर पर ₹30000 भी वसूले गए हैं। मालूम हो कि उत्तराखंड सरकार ने मंदिर की प्रतिष्ठा का ध्यान रखने के लिए मंदिर परिसर में रील बनाने पर पाबंदी लगा रखी है।सोशल मीडिया के धुरंधर और यूट्यूबर युवाओं ने जब सरकार की गाइडलाइन का मंदिर परिसर में मजाक बना दिया तो प्रशासन को सख्ती से काम लेना पड़ा। मंदिर परिसर में रील बनाने वाले 84 लोगों की पहचान करके उनका चालान काटा गया है।

केदारनाथ धाम रील बनाने वाले और हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर कार्रवाई

पुलिस ने अनुशासन चलने वाले लोगों से₹30000 चालान के रूप में वसूल किये।मंदिर परिसर में 50 मीटर की दूरी के अंदर फोटोग्राफी वीडियोग्राफी और सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले 84 लोगों के साथ ही तीर्थ स्थल के पास नशा करके उत्पात मचाने वाले 59 लोगों के खिलाफ पुलिस ने करवाई की है।

# चारधाम यात्रा मार्गों पर बारिश और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



24 मई : उत्तराखंड के पर्वतीय जनपदों में दो दिन मौसम बदलने की संभावना है। पहाड़ी इलाकों में बारिश से मैदानी इलाकों के तापमान में भी कमी देखने को मिल सकती है। पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में 25 और 26 मई को हल्की बारिश होने के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।प्रदेश में गर्मी का सितम लगातार बढ़ रहा है मैदानी क्षेत्रों में गर्मी लोगों पर कहर बरसा रही है। हल्की बारिश होने से तापमान नीचे आया था लेकिन इस सप्ताह एक बार फिर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में 25 और 26 मई को हल्की बारिश होने के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मैदानी क्षेत्रों में आमतौर पर मौसम शुष्क रहने से लेकर आंशिक बादल छाये रहने की आशंका जताई है।मौसम विभाग की ओर से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। जबकि मैदनी क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहेगा। उत्तराखंड में गर्मी का प्रकोप बरस रहा हो लेकिन पहाड़ से लेकर मैदान तक बादल भी मंडरा रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में इन दिनों गर्मी से हल्की राहत है और बारिश के आसार भी बने हुए हैं।देहरादून का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 24.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस रहा। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 26.06 और न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

25 मई : बीते दिन लगभग 7 बजे क्रिस्टल एविएशन कंपनी के हेली ने शेरसी से श्रद्धालुओं को केदारनाथ दर्शन करने के लिए उड़ान भरी तथा हेली में तकनीकी खराबी आने के कारण पायलट की सूझबूझ से हेली को केदारनाथ हेलीपैड से कुछ दूरी पहले ही आपात स्थिति में लैंडिंग कराई गई जिसमें सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

इस संबंध में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार क्रिस्टल एविएशन कंपनी का हेली जो तीर्थ यात्रियों को लेकर शेरसी से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी जिसमें तकनीकी खराबी आने के कारण हेली को आपदा स्थिति में केदारनाथ हेलीपैड से पहले ही लैंडिंग कराई गई जिसमें पायलट की सूझबूझ के कारण बड़ा हादसा होने से टला। पायलट ने अपना धैर्य नहीं खोया एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए आपात स्थिति में हेली की लैंडिंग की गई जिसमें सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित हैं तथा सभी यात्रियों को बाबा केदारनाथ दर्शनों के लिए भेजा गया है। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि हेली में आई तकनीकी खराबी की जांच कराई जा रही है।



■ हेली में तकनीकी खराबी आने के कारण आपात स्थिति में लैंडिंग कराना पड़ा हेली

# नैनीताल घूमने वालों के लिए नया अपडेट, अब कमरे के लिए नहीं भटकना पड़ेगा इधर-उधर

न्यूज वायरस नेटवर्क

नैनीताल 25 मई : अगर आप गर्मी से बचने और सुहावने मौसम में यादगार पल कैद करने के लिए नैनीताल आने का प्लान कर रहे हैं तो आपके लिए यह अच्छी खबर है। आपको नैनीताल आने के बाद इधर-उधर कमरे के लिए नहीं भटकना होगा। नैनीताल के प्रवेश द्वार से ही होटलों व होम स्टे में कमरे की बुकिंग कर सकेंगे। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की पहल पर शहर के प्रवेश द्वार में पर्यटन विभाग में पंजीकृत होटलों व होम स्टे के नाम व मोबाइल नंबर की लिस्ट लगाई जाएगी। ताकि सैलानी आसानी से बुकिंग कर सकें।



दरअसल जैसे जैसे तराई भाबर में गर्मी बढ़ती है, तो देश के विभिन्न प्रांतों से यहां सैलानी पहुंचे है। इन सैलानियों के साथ ही विदेशों से भी ग्रीष्मकालीन सीजन में पर्यटक आते हैं। ऐसे में यहां सैलानियों का जमावड़ा लगा रहता है। पर्यटकों की आमद बढ़ने के साथ ही वाहनों का दबाव बढ़ता देख व शहर की छोटी-बड़ी सभी पार्किंग पैक होने पर वाहनों को शहर के प्रवेश द्वार में रोका जाता है। ऐसे में उन्हीं सैलानियों के वाहनों को प्रवेश दिया जाता है, जिनका शहर के होटलों में बुकिंग हो और यहां पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हो। ऐसे में होटल एसोसिएशन की ओर से इस बार सैलानियों को यह सुविधाएं दी जा रही हैं कि वह रूसीबाई, नारायण नगर व पाइंस से भी होटलों व होम स्टे के कमरे बुक करा सकते हैं।

ऑनलाइन बुकिंग में कई बार पर्यटक ठगी का शिकार होते हैं। बीते वर्षों कई ऐसे केस सामने आए हैं, जहां सैलानियों ने ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग कर एडवांस रुपये दिए होते हैं। नैनीताल शहर पहुंचने पर मालूम होता है कि ऐसे कोई होटल या होम स्टे शहर में हैं ही नहीं। कई बार ऑनलाइन वेबसाइट में पार्किंग के साथ ही कई सुविधाएं दिखाई जाती हैं और वास्तव में ऐसा नहीं होता। जिससे विवाद की स्थिति भी बनती है।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की पहल पर पहली बार नैनीताल शहर के प्रवेश द्वार रूसीबाई पास, नारायण नगर व पाइंस में होटलों व होम स्टे की लिस्ट लगाई जाएगी। इसमें होटलों व होम स्टे के नाम के साथ नंबर दर्ज होंगे, ताकि सैलानी यहां से भी कमरों की बुकिंग कर सकें।

# OTT पर अब मुफ्त में देखिए Aquaman and the Lost Kingdom

न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : जेसन मोमोआ की फिल्म 'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' OTT पर रिलीज हो गई है। वो भी रेंट पर नहीं, बल्कि फ्री में। जी हां, सिनेमाघरों में रिलीज के पांच महीने बाद यह हॉलीवुड फिल्म अब ओटीटी पर मुफ्त में उपलब्ध है। 'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' को बीते साल 22 दिसंबर को थएटर्स में रिलीज किया गया था। हालांकि, फिल्म को कुछ नेगेटिव रिव्यूज भी मिले थे, लेकिन इसने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 3615 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की थी। जेसन मोमोआ की इस फिल्म से पर्दे पर 'एक्वामैन' मे रूप में जहां वापसी हुई, वहीं फिल्म में एम्बर हर्ड, पैट्रिक विल्सन, याह्या अब्दुल-मतीन II और रान्डेल पार्क भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' को Jiocinema पर , 21 मई को रिलीज किया गया है। दिलचस्प है कि इससे पहले यह फिल्म Prime Video पर रेंट पर उपलब्ध थी। ऐसे में OTT के दर्शकों का अनुमान यही था कि इसे इसी प्लेटफॉर्म पर बिना रेंट के रिलीज किया जाएगा। लेकिन 'जियो सिनेमा' बीते दिन ऐलान किया कि 'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली और मराठी में स्ट्रीम की जा रही है।'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' का निर्माण डीसी स्टूडियो, एटॉमिक मॉन्स्टर और द सफ्रान कंपनी द्वारा किया गया है। जबकि इसका डिस्ट्रीब्यूशन वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स ने किया है। यह साल 2018 में रिलीज फिल्म 'एक्वामैन' का सीक्वल है और डीसी एक्सटेंडेड यूनिवर्स (DCEU) में 15वीं और अंतिम किस्त है।जेम्स वान के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी डेविड लेस्ली जॉनसन-मैकगोल्डरिक ने लिखी है। 'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' की कहानी ब्लैक मंटा से शुरू होती है, जो एक्वामैन से अपनी हार के बाद एक प्राचीन शक्ति का उपयोग करता है। उसे रोकने के लिए एक्वामैन अपने भाई और अटलांटिस के पूर्व राजा ओर्म के साथ अपने मतभेद भुलाकर टीम बनाता है। दोनों राज्य की रक्षा और दुनिया को विनाश से बचाने के लिए एकजुट होते हैं।



# ये है दुनिया की यह सबसे छोटी हवाई यात्रा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : दुनिया की यह सबसे छोटी हवाई यात्रा स्कॉटलैंड में की जाती है. यहां वेस्ट्रे और पापा वेस्ट्रे नाम के दो टापुओं के बीच यह सेवा चलती है. जहां लोगों के पास हवाई यात्रा के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है. आपने दुनिया के सबसे छोटे देश, दुनिया के सबसे छोटे मोबाइल, टीवी और न जाने कितनी चीजों के बारे में सुना होगा और पढ़ा होगा. यहां तक की आपने सबसे लंबी उड़ान के बारे में भी सुना होगा. हो सकता है कि आपने भारत से अमेरिका के बीच 20 घंटे से ज्यादा की यात्रा भी की हो, लेकिन क्या कभी आपने दुनिया की सबसे छोटी उड़ान के बारे में सुना है.

आपने शायद ही इसके बारे में सुना हो. दुनिया की सबसे छोटी उड़ान में इतना कम समय लगता है कि आप शायद इस पर यकीन भी न करें, लेकिन यह सच है. हम जिस उड़ान यानी यात्रा के बारे में बात कर रहे हैं, उसमें यात्रियों को सिर्फ 53 सेकेंड के लिए हवाई जहाज में बैठना पड़ता है. पर इस





53 सेकंड के लिए जो किराया देना पड़ता है उतने में आप भारत में कश्मीर से साउथ के राज्यों में भी जा सकते हैं.

1387 रुपये है इस सफर का कियायादुनिया की इस सबसे छोटी हवाई यात्रा में मुसाफिर 53 सेकंड में ही अपने गंतव्य तक पहुंच जाते हैं. सबसे बड़ी बात ये है कि लोगों के पास इस यात्रा के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है. हम जिस हवाई यात्रा की बात कर रहे हैं, वो स्कॉटलैंड के दो टापुओं के बीच है. वेस्ट्रे और पापा वेस्ट्रे टापू के बीच की यात्रा को हवाई मार्ग से ही पूरा किया जा सकता है. एक टापू से दूसरे टापू पर जाने में 53 सेकंड लगते हैं और इस सफर का किराया करीब 1387 रुपये है.इसलिए सिर्फ हवाई यात्रा की है मजबूरीइस रूट को लेकर अक्सर लोग यही सोचते हैं कि जब सफर इतना छोटा है और किराया इतना महंगा तो फिर लोग हवाई जहाज से ही क्यों जाते हैं. वे क्यों दूसरे विकल्प नहीं चुनते. पर हकीकत ये है कि इन दोनों टापुओं के बीच संपर्क के लिए और कोई रास्ता नहीं है. इन टापुओं के बीच कोई पुल बना नहीं है और समुद्री मार्ग पथरीला है, जिस वजह से नाव का तैरना संभव नहीं है. ऐसी स्थिति में लोगों के पास एक टापू से दूसरे पर जाने के लिए हवाई जहाज के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता है. इस रूट पर पिछले 50 साल से लोगान एयर नाम की कंपनी ही फ्लाइट चला रही है.

# आप तो नहीं करते जरूरत से ज्यादा नींबू पानी का सेवन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 मई : गर्मियों के मौसम में नींबू पानी का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ आपको रिफ्रेश रखने में भी मददगार है। नींबू में विटामिन-सी, विटामिन-ई, विटामिन बी-6, फोलेट, थियामिन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, लेकिन इतने सारे गुण होने के बावजूद भी अगर आप अधिक मात्रा में नींबू पानी का सेवन करते हैं, तो इससे सेहत को नुकसान हो सकता है।आपने अक्सर सुना होगा कि खाली पेट शहद के साथ नींबू पानी पीने से पाचन प्रक्रिया में मदद मिलती है। हालांकि, जरूरत से ज्यादा इस पेय के सेवन से पेट से जुड़ी समस्या हो सकती है। ऐसे में आप पेट दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं। अधिक मात्रा में नींबू पानी का सेवन दांतों में झनझनाहट पैदा कर सकता है। इससे दांतों में सड़न की समस्या भी हो सकती है। इसलिए अगर आप दांतों की समस्या से परेशान हैं, तो इस स्थिति में साइट्रिक फूड्स का सेवन कम मात्रा में ही करें।क्या आप




जानते हैं कि नींबू के रस को सीधे बालों पर अप्लाई करने से आपके बाल रूखे और सफेद हो सकते हैं? इसमें मौजूद अम्लीय गुण बालों को प्रभावित करते हैं। अक्सर लोग डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए बालों पर नींबू का रस अप्लाई करते हैं। अगर आप नियमित रूप से अधिक मात्रा में नींबू पानी का सेवन करते हैं, तो इससे आपकी स्किन ड्राइ हो सकती है। जरूरत से ज्यादा नींबू पानी के सेवन से आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है। अधिक मात्रा में इसे पीने से बार-बार पेशाब आने की समस्या हो सकती है। ऐसे में आप डिहाइड्रेशन की समस्या से परेशान हो सकते हैं।


# बिल्डर साहनी की आत्महत्या में फंसे चर्चित गुप्ता ब्रदर्स गिरफ्तार, पढ़िए FIR

## बिल्डर साहनी आत्महत्या मामले में पुलिस ने गुप्ता ब्रदर्स को भेजा जेल

- बिल्डर साहनी ने सहस्त्रधारा रोड स्थित पैसिफिक गोल्फ की आठवीं मंजिल से कूदकर जान दी
- सुसाइड नोट व FIR- दो प्रोजेक्ट्स को लेकर चल रहा था विवाद
- बिल्डर साहनी ने सुसाइड नोट में पीएम सीएम से व्यक्त की थी अपनी पीड़ा



SAVE MY FAMILY PLEASE
Satinder Singh Sawhney
119-D Race Course
Dehra Dun





I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | राजपुर, देहरादून, उत्तराखंड, भारत |
| 2 | स्थायी पता | 119-D, रेसकोर्स देहरादून, राजपुर, देहरादून, उत्तराखंड, भारत |

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.): 91-9690784230

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) | Permanent Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनिल कुमार गुप्ता | | पिता का नाम : श्याम लाल गुप्ता | 1. 7 नेहरु रोड डालनवाला देहरादून,डालनवाला,देहरादून, उत्तराखंड,भारत | |
| 2 | अजय कुमार गुप्ता | | पिता का नाम : शिव गुप्ता | 1. 7 नेहरु रोड डालनवाला,डालनवाला,देहरादून,उत्तराखंड,भारत | |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|
| | |

### देहरादून में बिल्डर बाबा साहनी की मौत
### पैसिफिक गोल्फ की 8वीं मंजिल से गिरकर हुई मौत
### हादसा या आत्महत्या सस्पेंस बरकरार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 25 मई , बेहद हैरान कर देने वाली तथाकथित हाई प्रोफ़ाइल आत्महत्या से देहरादून सन्न रह गया। खुद उत्तराखंड पुलिस और देहरादून प्रशासन भी हैरान था कि कैसे और क्यों प्रदेश के नामी बिल्डर सतेंद्र साहनी ने ऐसा कदम उठा लिया , लेकिन देर शाम तक तस्वीर साफ़ होने लगी और आत्महत्या मामले में दून पुलिस ने चर्चित अजय गुप्ता व अनिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। आपको बता दें की रेसकोर्स निवासी सतेंद्र सिंह साहनी बाबा ने शुक्रवार को लगभग 11.30 बजे सहस्त्रधारा रोड स्थित पैसिफिक गोल्फ की आठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। 52 साल के सतेंद्र साहनी के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार कर लिया। सतेंद्र सिंह साहनी( बाबा ) के पुत्र रणवीर ने राजपुर थाने में ब्लैकमेल,उत्पीड़न, धमकी व आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज कर 7 नेहरु रोड,डालनवाला निवासी अजय गुप्ता व अनिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।सतेंद्र साहनी ने सुसाइड नोट पीएम मोदी व सीएम धामी को सम्बोधित कर लिखा है। शुरुआत में अपने पुराने व नये विभिन्न प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया। इसके बाद गुप्ता ब्रदर्स से मुलाकात व प्रोजेक्ट्स में साझेदारी का जिक्र कर पूरी कहानी बयां की। सुसाइड नोट में साहनी ने गुप्ता ब्रदर्स के साथ मिलकर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। साहनी ने यह भी लिखा कि बलजीत सोनी ने अच्छे माहौल में उनकी मुलाकात गुप्ता बंधुओं से कराई थी। गौरतलब है कि बलजीत सोनी का दून के प्रसिद्ध उद्योगपति विंडलास से भी विवाद सामने आया था। एक जमीन के घपले में विंडलास को जेल भी हुई।



आपको यहाँ ये भी बता दें कि प्रोजेक्ट पर काम करने के दौरान हुए झगड़े के बाद गुप्ता ब्रदर्स ने साहनी के खिलाफ सहारनपुर में मुकदमा दर्ज करवा दिया। गुप्ता ब्रदर्स दोनों प्रोजेक्ट अपने नाम करने का दबाव बना रहे थे। 16 मई को सतेंद्र साहनी ने स्थानीय पुलिस को अनिल कुमार गुप्ता और अजय कुमार गुप्ता द्वारा किये जा रहे कृत्यों, धमकियों उत्पीडन और ब्लैकमेलिंग के सम्बन्ध में सूचित किया था।इधर, सहारनपुर पुलिस ने शुक्रवार को साहनी को थाने में बुलाया था। इसी के बाद घबराकर साहनी ने आत्महत्या कर ली। दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि गुप्ता ब्रदर्स ने साहनी के बेटे व दामाद को भो फंसाने की धमकी दी थी। इसी से परेशान होकर सतेंद्र साहनी ने आज आत्महत्या कर ली।

**रणवीर सिंह ने गुप्ता बंधुओं पर उनके पिता को डराने, धमकाने व ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया**

पुलिस को दी तहरीर में रणवीर सिंह ने गुप्ता बंधुओं पर उनके पिता को डराने, धमकाने व ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है. उन्होंने बताया कि बाबा साहनी ने पूर्व में भी पुलिस को एक प्रार्थनापत्र देकर गुप्ता बंधुओं पर उनकी एक परियोजना को लेकर अनावश्यक रूप से दवाब बनाने की शिकायत की थी. पुलिस ने बताया कि उन आरोपों की नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच की जा रही है. रणवीर सिंह ने अपनी तहरीर में यह भी कहा कि गुप्ता बंधुओं द्वारा उनके पिता के विरूद्ध उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक झूठी शिकायत दर्ज कराई गयी थी और वे साहनी को उनकी दोनों कंपनियां उनके नाम करने अन्यथा उन्हें व उनके दामाद को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे थे. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिल्डर के आत्महत्या से पूर्व लिखे नोट तथा उसके पुत्र की तहरीर के आधार पर थाना राजपुर में गुप्ता बंधुओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

# राष्ट्रीय शिक्षक अवॉर्ड 2024 के लिए आवेदन शुरू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : शिक्षा मंत्रालय (MOU) ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार (Higher Education) 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र उम्मीदवार डिटेल्स भर सकते हैं और निर्देशानुसार आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। अधिसूचना के मुताबिक यह पुरस्कार देश भर के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों/पॉलिटेक्निक के सभी संकाय सदस्यों के लिए है। विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र के साथ 50000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। रजिस्ट्रेशन सहित अन्य जानकारी उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट awards.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

रजिस्ट्रेशन की योग्यता

i) रजिस्ट्रेशन करने वाले व्यक्ति को नियमित संकाय का सदस्य होना चाहिए।

ii) स्नातक /या स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम पांच साल का पूर्णकालिक शिक्षण अनुभव होना चाहिए।

iii) पुरस्कारों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।



iv) कुलपति/निदेशक/प्रिंसिपल (नियमित या कार्यवाहक) आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

हालांकि, ऐसे व्यक्ति जो पहले ऐसे पदों पर रह चुके हैं, लेकिन 55 वर्ष से कम उम्र के हैं और अभी भी सक्रिय सेवा में हैं, वे आवेदन करने के पात्र हैं।

चयन प्रक्रिया

1) उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

2) शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों में से पुरस्कार विजेताओं के अंतिम रूप से फाइनल करने के लिए 'जूरी' की समिति होगी। जिसकी तरफ से उन्हें चयन किया जाएगा।

20 जून है आवेदन की आखिरी तारीख

पुरस्कारों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 है। हर साल कुल पैंतीस पुरस्कार (श्रेणी-I में 25 और श्रेणी-II में 10) प्रदान किए जाते हैं।

चयनित उम्मीदवारों को इस दिन किया जाएगा सम्मानित

चयनित पुरस्कार विजेताओं को भारत के पूर्व राष्ट्रपति व शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर (शिक्षक दिवस) पर सम्मानित किया जाएगा।

# कंडारी खोड़ लिंक मोटर मार्ग सुधारिकरण की मांग

चमोली। पीएमजीएसवाई द्वारा वर्ष 2019-20 में बनी दिवागाड़-कंडारी खोड़ लिंक मोटर मार्ग के सुधारीकरण करने की मांग जिला पंचायत सदस्य बच्छुवाबाण अवतार सिंह पुण्डीर ने की है। पुण्डीर का कहना है कि इस संबंध में वे कई बार संबंधित विभाग को अवगत करा चुके है। साथ ही ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद संबंधित विभाग के विरूद्ध तहसील मुख्यालय में धरना-प्रर्दशन किया जाएगा।बतादें कि बीते गुरूवार को इस मोटर मार्ग पर बारिश के बाद आये मलबे में एक बाइक रपट कर गहरे खाई में गिर गई थी जिसमें परिवार के इकलौते चिराग 11 वर्षीय ओजश्विन पुत्र कलम सिंह की मृत्यु तथा हेमंत गंभीर घायल हो गए थे।

# गुलदार के आतंक से परेशान लोग डीएम से मिले

पौड़ी। श्रीनगर के घसिया महादेव मोहल्ले में गुलदार की चहलकदमी से लोग दहशत में जीने को मजबूर है। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है। डीएम ने प्रतिनिधिमंडल को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को डीएम से मिलने आए प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि श्रीनगर के घसिया महादेव मोहल्ले में पिछले लंबे समय से लगातार गुलदार की चहलकदमी बनी हुई है। कई बार गुलदार छोटे बच्चों पर हमला कर रहा है और मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। कहा कि घसिया महादेव में स्थित गदेरे के दोनों तरफ सघन आबादी है। पूर्व में नगर निगम से इस रास्ते में दोनों ओर स्ट्रीट लाइट लगाने व वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की जा चुकी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं होने से लोग गुलदार की दहशत में जीने को मजबूर है। कहा कि इस गदेरे से रेवड़ी गांव के लिए पैदल रास्ता भी है। लाइट नहीं होने से ग्रामीण अंधेरे में जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर हैं। उन्होंने जल्द ही डीएम से रास्ते के दोनों ओर स्ट्रीट लाइट लगाते हुए गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग उठाई है। प्रतिनिधिमंडल में शकुंतला देवी, सूरज पंवार, पूजा नौटियाल, रेखा, मुकेश, भारती देवी, निकिता आदि शामिल थे।

# पीयो और जीयो : गर्मियों के ये 5 ड्रिंक्स रखेंगे आपको तरोताज़ा और बीमारियों से दूर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : गर्मियों के मौसम में लोग तेज धूप और पसीने की वजह से सुस्त और थका महसूस करते हैं। इसलिए इस मौसम में बॉडी को हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। इस मौसम में कई तरह के ठंडे और हेल्दी ड्रिंक्स का सेवन कर आप दिनभर एनर्जेटिक रह सकते हैं। इसके लिए आप विटामिन-सी से भरपूर फ्रूट्स जैसे कीवी, संतरे, स्ट्रॉबेरी आदि का ड्रिंक पी सकते हैं।ऐसे कई फूड्स हैं, जो हमारे शरीर में विटामिन सी के स्तर को बढ़ा सकते हैं, लेकिन आप अपने डाइट में विटामिन-सी युक्त जूस भी शामिल कर सकते है। आइए जानते हैं इसके बारे में.....

1. नींबू पानी

अक्सर लोग गर्मियों में नींबू पानी पीना पसंद करते हैं। इसे तैयार करना भी काफी आसान है। आपको बस इतना करना है कि सोडा में कुछ नींबू निचोड़ें और उसमें काला नमक और चीनी डालें। तैयार है, आपको सुपर एनर्जी समर ड्रिंक। चाहें तो आप गर्मियों में नियमित रूप से पानी में नींबू का रस मिलाकर मिलाकर अपनी प्यास बुझा सकते हैं।

2. लीची का जूस

लीची का सेवन कर भी आप शरीर में विटामिन-सी की कमी को पूरा कर सकते हैं। यह फल अन्य कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। गर्मियों में आप लीची से स्वादिष्ट ड्रिंक बना सकते हैं। लीची के जूस में सोडा या ताज़े पुदीने के पत्ते भी मिला सकते हैं।

3. तरबूज का जूस

तरबूज में पानी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो आपको लंबे समय तक हाइड्रेट रखने में मदद करता है। यह रसदार और मीठा होता है, जो तपती गर्मी में आपकी प्यास बुझाने के लिए बेहतर ड्रिंक है।

4. स्ट्रॉबेरी का जूस

स्ट्रॉबेरी देखने में जितनी खूबसूरत है, शरीर के लिए भी उतनी ही गुणकारी है। यह विटामिन-सी का रिच सोर्स है। इसके अलावा इसमें कैल्शियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आप गर्मियों की डाइट में स्ट्रॉबेरी का जूस शामिल कर सकते हैं।

5. संतरे का जूस

संतरा विटामिन-सी का सबसे अच्छा सोर्स माना जाता है। यह गर्मियों की सबसे बेहतरीन ड्रिंक है। घर पर भी ताजे संतरे का टेस्टी ड्रिंक बना सकते हैं। यह शरीर को कई प्रकार के रोगों से लड़ने के लिए मजबूत बनाता है।

## पौड़ी में चोरों ने घर से नगदी उड़ाई

पौड़ी। गुरुवार की देर रात को कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक ही मोहल्ले में चोरी की दो घटनाओं को अंजाम दिया। जिसमें से एक में चोर सफल भी हुए। पीड़ित के मुताबिक चोरों ने उनके घर से दो मोबाइल फोन, नगदी और ज्वेलरी पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना मोहल्ला निवासी शशिमोहन ने बताया कि बीती रात खाना खाने के बाद वे अपने दो बच्चों के साथ सो गए। देर रात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह जब नींद खुली तो पता चला कि कमरे का दरवाजा खुला हुआ है और कमरे से दो मोबाइल फोन व 4 हजार की नकदी सहित ज्वेलरी पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया।

बताया कि वे यहां किराए के कमरे पर रहते हैं। उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। वहीं इसी मोहल्ले में किराना व्यापारी दिगंबर पंवार की दुकान में चोरों ने दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश की। बताया कि चोरों ने सरिया से ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन चोर इसमें सफल नही हो पाए। कोतवाल नंदकिशोर भट्ट ने बताया कि दोनों मामलों में तहरीर प्राप्त हुई है। टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है।

# उत्तराखंड : सम्पत्ति से बेदखल किए जाने पर बेटे ने किया बूढी मां का कत्ल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 25 मई : बुजुर्ग मां की हत्या के दोषी बेटे और बहू को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। माँ ने जिसे जन्म दिया उसी कलयुगी बेटे ने मौत के घाट उतार दिया। किसे पता था कि घर में बेटे के रूप में एक हैवान ने जन्म लिया है। कोर्ट ने 62 वर्षीय माँ की हत्या करने वाले बेटे और बहु को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महेश चंद्र कौशिवा की अदालत ने दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। साथ ही जुर्माना अदा न करने पर छह-छह महीने का साधारण कारावास भुगतना होगा।

बेटे और बहू ने मिलकर सम्पति से बेदखल किए जाने पर मिलकर इस खूनी वारदात को अंजाम दिया। अधिवक्ता आशुतोष शर्मा ने बताया कि 25 जनवरी 2021 वाराणसी, यूपी निवासी नवरत्न ने पुलिस को सूचित किया कि उनकी माँ सरोज देवी की डीएल रोड स्थित आंबेडकर कॉलोनी में अचानक मौत हो गई है। पुलिस ने इसपर शक जताया और इसे सामान्य मौत न मानकर हत्या की का मामला बताया। पुलिस को पता चला था कि बेटे का माँ के साथ अक्सर झगड़ा रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जिसमें पता चला कि महिला की हत्या गला दबाकर की गई है।

पुलिस ने मृतका सरोज के बेटे जयवीर सिंह और उसकी पत्नी सोनम निवासी आंबेडकर कॉलोनी डीएल रोड के खिलाफ डालनवाला थाना में मुकदमा दर्ज किया और फिर जांच के बाद पुलिस ने 11 गवाह बनाकर 18 नवंबर 2021 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इस घटना पर कोर्ट ने कहा मां की हत्या अमानवीय और शर्मसार घटना है, एक पुत्र जिसे मां ने नौ माह गर्भ में रखा और जन्म देकर पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी ने माँ की हत्या कर दी। यह घटना अमानवीय और मन को झकझोर देने वाला है और यह समाज को शर्मसार करने वाला भी है।

# 2030 तक रोबोट करेंगे घरों के 40% काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : तकनीक ने दुनिया को तेजी से बदला है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से इस बदलाव की रफ्तार में और तेजी आई है। संभव है कि दशक भर में ही दुनिया इतनी बदल जाए जिसकी कल्पना करना भी अभी मुश्किल है। ब्रिटेन और जापान के 65 AI विशेषज्ञों के इंटरव्यू के बाद तैयार की गई रिपोर्ट कहती है- इस दशक के अंत तक दुकानों पर इंसानों की जरूरत नहीं होगी। खरीदारी में खर्च होने वाले समय में 60% तक कमी हो जाएगी।AI के जरिए दुकान-मॉल की सुरक्षा से लेकर बिलिंग, सफाई से लेकर स्टोरेज तक सारी चीजें रोबोट करेंगे। घरों के ज्यादातर काम ऑटोमेशन पर होंगे। विशेषज्ञ कहते हैं कि झाड़ू-पोछा, बर्तन धोना, खाना बनाने जैसे घरों के 39% काम रोबोट करेंगे। हालांकि बच्चों और बूढ़ों की देखभाल में इस दशक के अंत तक AI की बहुत ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद नहीं है। AI तकनीक जैसे-जैसे स्मार्ट होती जा रही है, हमारी निजता खतरे में पड़ती जा रही है। इस दशक के अंत तक इंसानों के लिए अपनी निजता बचाए रख पाना मुश्किल होगा।वे कहती हैं- यह निजता पर ऐसा हमला है, जिसके लिए सोसायटी बिल्कुल तैयार नहीं है। लेकिन हरटॉग यह भी कहती हैं कि इससे समाज में महिला-पुरुष में समानता का स्तर बढ़ेगा। वे जापान का उदाहरण देती हैं, जहां पुरुषों के मुकाबले महिलाएं घर का पांच गुना अवैतनिक काम करती हैं। इस वजह से उनके पास खाली समय नहीं होता।

# 14 जून के बाद रद्द हो जाएंगे पुराने आधार कार्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : UIDAI की ओर से मीडिया को दी गई जानकारी के मुताबिक आधार कार्ड को फ्री अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 जून तय की गई है.14 जून के बाद आपका पुराना आधार कार्ड काम करना बंद कर देगा। यानी 14 जून के बाद आपका पुराना आधार कार्ड अमान्य हो जाएगा. ऐसी खबरें सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं. अगर आपका आधार कार्ड पिछले 10 साल से अपडेट नहीं हुआ है तो इसे अपडेट करने का आखिरी मौका 14 जून तक दिया गया है। इसके बाद आपका आधार कार्ड अमान्य हो जाएगा.

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आधार कार्ड यानी एजेंसी यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, जिन भारत के नागरिकों का आधार कार्ड पिछले 10 सालों से अपडेट नहीं हुआ है, वे अपना आवेदन प्राप्त कर सकते हैं. आपका आधार कार्ड अपडेट हो गया। अगर आपका पुराना आधार कार्ड 14 जून तक ऑनलाइन अपडेट नहीं होता है तो उसके बाद फ्री आधार कार्ड का विकल्प बंद हो जाएगा यानी 14 जून के बाद 10 साल पुराने आधार कार्ड को मुफ्त में अपडेट नहीं किया जा सकेगा और विकल्प बंद हो जाएगा।

UIDAI द्वारा एक न्यूज़ एजेंसी को दी जानकारी के मुताबिक Aadhar Card को मुफ्त अपडेट करवाने का आखिरी तारीख 14 जून निर्धारित की गई है हालांकि इसके बाद आपका Aadhar Card बेकार नहीं होगा सोशल मीडिया में फैलाई जा रही खबरें दरअसल गलत है 14 जून के बाद आपका Aadhar Card फ्री में अपग्रेड नहीं होगा आपको अपना 10 साल पुराना Aadhar Card अपडेट करवाने के लिए पैसे देने होंगे इसके बाद Aadhar Card होल्डर ऑनलाइन या निजी आधार केंद्र से अपना आधार अपग्रेड करवा सकता है।




ऑनलाइन फ्री में इस तरह आधार करें अपडेट

1 – इसके लिए आप सबसे UIDAI की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक करें।

2 – इसके बाद आपको आधार अपडेट के विकल्प को चुनना होगा।

3 – उदाहरण के तौर पर आपको पता अपडेट करने के लिए अपडेट एड्रेस के विकल्प को चुनना होगा।

4 – आगे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करके ओटीपी को यहां दर्ज करना होगा।

5 – इसके बाद Documents Update के विकल्प को चुनना होगा।

6 – आगे आपको आधार से जुड़े डिटेल्स दिखाई देगा।

7 – सभी डिटेल्स को वेरिफाई करें और फिर एड्रेस अपडेट करने के मांग गए डॉक्यूमेंट्स को अपलोड कर दें।

8 – इसके बाद आधार अपडेट की प्रक्रिया को स्वीकार कर लें।

9 – इसके बाद आपके बाद 14 नंबर का अपडेट रिक्वेस्ट नंबर (URN) नंबर मिल जाएगा।

10 – इसके जरिए आप आधार अपडेट की प्रक्रिया को ट्रैक कर सकते हैं।

# अग्निपथ स्कीम में होगा बदलाव, सेना करा रही सर्वे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : भारतीय सैन्य सेवाओं में भर्ती प्रक्रिया के लिए लाई गई अग्निपथ योजना को लेकर सेना एक सर्वे करा रही है. सर्वे में सैन्य अधिकारियों, ट्रेनिंग स्टाफ और भर्ती प्रक्रिया में शामिल कर्मचारियों से कुछ सवाल पूछे जा रहे हैं. सर्वे के जरिए सेना भर्ती प्रक्रिया पर योजना के असर के बारे में जानना चाहती है. हालांकि, सर्वे क्यों करवाया जा रहा है, इसे लेकर न तो सेना और न ही सरकार की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ कहा गया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सर्वे से मिली जानकारी को अगली सरकार के सामने पेश कर स्कीम में कुछ बदलाव किए जा सकते हैं।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वे के तहत अग्निवीरों, ट्रेनिंग स्टाफ, रेजीमेंट सेंटर्स और अग्नि वीरों को ऑपरेट करने वाली यूनिट और सब-यूनिट के कमांडर से कुछ सवाल कर स्कीम के प्रभावों के बारे में जानने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य रूप से 10 तरह के सवाल सर्वे में पूछे जा रहे हैं. जैसे रिक्रूटर्स को यह बताना होगा कि आवेदकों ने अग्रनिवीर बनने के लिए मुख्य कारण क्या बताया है और वह आर्मी में शामिल होने के लिए कितने उत्साहित हैं. इसके अलावा, अधिकारियों को बताना होगा कि ऑनलाइन एंट्रेंस एग्जाम के लिए ग्रामीण और शहरी इलाकों के आवेदक कैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. साथ ही, यह भी अधिकारियों से पूछा जाएगा कि योजना लागू होने के बाद भर्ती प्रक्रिया पर क्या असर पड़ा है।

रिपोर्ट के अनुसार सर्वे में यूनिट और सब-यूनिट कमांडर से अग्निवीर और योजना से पहले भर्ती हुए जवानों को लेकर भी फीडबैक लिया जाएगा. जैसे क्या उनके बीच कोई कॉम्पटीशन जैसा माहौल है या कमांडर्स ने अग्नवीरों की किन सकारात्मक और नकारात्मक चीजों को देखा है।

साल 2022 में अग्निपथ योजना लाई गई थी, जिसके तहत इंडियन आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के लिए जवानों की भर्ती की जाती है. अग्निपथ योजना के जरिए सेना में शामिल हुए जवानों को अग्निवीर कहते हैं, जो चार साल तक सेना में सेवा देंगे. चार साल बाद उनको रिटायरमेंट दे दिया जाएगा.

हालांकि, इनमें से 25 फीसदी अपनी इच्छा से सेवा देने के लिए अप्लाई कर सकते हैं. योजना को लागू किए जाने के समय से ही यह चर्चा में है. अग्निपथ योजना को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार के युवाओं ने बहुत विरोध जताया था. इसे लेकर भारी विरोध प्रदर्शन हुए थे.

# रहस्यों से भरा है ऋषिकेश का यह कुंड, देश-विदेश से दर्शन के लिए आते हैं लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ऋषिकेश 25 मई : उत्तराखंड में स्थित ऋषिकेश एक पावन तीर्थ स्थल है. यहां कई सारे प्राचीन मंदिर व घाट स्थापित है, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं. इन्हीं प्रसिद्ध घाटों में से एक ऋषिकेश का त्रिवेणी घाट भी है, जो तीन नदियों का संगम है. यहां गंगा, यमुना और सरस्वती का मिलन होता है. इस त्रिवेणी घाट के पास ही में एक कुण्ड स्थित है. इसे ऋषि कुण्ड के नाम से जाना जाता है. यह कुण्ड एक दिव्य कुंड है, जो मां यमुना का आशीर्वाद माना जाता है. ऋषिकेश घूमने आए पर्यटक यहां इस कुंड के दर्शन करना नहीं भूलते हैं।

स्थानीय महंत गोपाल गिरी ने बताया कि देश ही नहीं विदेश से भी लोग यहां इस दिव्य कुंड के दर्शन करने आते हैं. इस कुण्ड के पास ही में भगवान राम और माता सीता का एक मंदिर स्थापित है, जिसे रघुनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है. इस मंदिर का परछाई इस कुण्ड में साफ दिखाई देती है. इस कुंड की एक कथा काफी प्रचलित है. मान्यता है कि ऋषि कुब्जा मृग ने यहां तपस्या की है. वे प्रतिदिन प्रातः काल यमुना स्नान के लिए जाया करते थे। महंत गोपाल गिरी ने बताया कि एक दिन भगवान शिव माता पार्वती के साथ कैलाश से अपने पुत्र स्वामी कार्तिकेय से मिलने जा रहे थे. उसी समय माता पार्वती की नजर ऋषि कुब्जा मृग पर पड़ी. उन्होंने जब भगवान शिव से पूछा तो उन्हें पता चला कि यह प्रत्येक दिन यमुना स्नान के लिए जाते हैं. यह सब सुन माता पार्वती ने ऋषि पर अपनी कृपा बरसाई और यमुना मां को आदेश दिया कि वे ऋषि के निवास स्थान पर ही चली जाएं. ऋषि के पहुंचते ही यमुना मां उनके कमंडल में समा कर उनके साथ ऋषि कुण्ड आ गई. तब से मां यमुना इस कुण्ड में विराजमान हैं।

# उत्तराखंड सबसे कम महंगाई में तीसरे स्थान पर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 24 मई : कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2024 तक सबसे कम महंगाई की दर 2.17 फीसदी दिल्ली में रही। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार अपनी नीतियों के माध्यम से महंगाई दर को नियंत्रण में रखने में सफल रही है।यदि पूरे देशभर में महंगाई पर नज़र डालें तो बीते महीनों में महंगाई लगातार बढ़ी है। कई राज्यों में महंगाई काफी बढ़ गई है, जबकि कुछ राज्यों में महंगाई दर अपेक्षाकृत कम रही है। आंकड़ों के अनुसार, ओडिशा में लगातार छह महीनों से खुदरा मुद्रास्फीति 7 प्रतिशत से अधिक रही है। यह पूरे देश के औसत से काफी ज्यादा है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली में पिछले 5 महीनों में महंगाई सबसे कम रही है, जो केवल 2 प्रतिशत के करीब है।

आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में ओडिशा में महंगाई दर 7.1 प्रतिशत थी, जबकि पूरे देश में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत थी। इस प्रकार ओडिशा सबसे ज्यादा महंगाई वाला राज्य बनकर उभरा है।वर्ष 2022 के जनवरी माह में उत्तराखंड में महंगाई की मार कई प्रदेशों से अधिक रही थी। उस समय शहरी क्षेत्रों में महंगाई की दर 7.62 प्रतिशत थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 6.38 प्रतिशत थी। पुष्कर सिंह धामी सरकार ने महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए कई कदम उठाए। जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई की दर घटाकर 3.75 प्रतिशत पर आ गई और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 182.5 हो गया। इसी प्रकार प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में महंगाई की दर में और अधिक कमी आई। शहरी क्षेत्रों में गत अप्रैल माह में महंगाई की दर 3.29 प्रतिशत रही और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 185.1 था। प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संयुक्त रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 183.5 रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन

श्रीनगर गढ़वाल।सरस्वती शिशु मंदिर मढ़ी कॉलोनी चौरास में शुक्रवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र भंडारी, प्रबंधक देवानंद बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावकों ने प्रतिभाग कर विद्यालय की प्रगति हेतु अपने सुझाव दिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाहक बद्रीश गोदियाल ने शिशु मंदिर योजना की जानकारी अभिभावकों को दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश चमोली ने समस्त अभिभावकों का आभार जताया। कहा कि विद्यालय विकास में अभिभावकों के सहयोग की अपेक्षा है।साथ ही उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया। मौके पर चंदन, आशीष, गिरीश नौटियाल, मीना देवी, ममता देवी, कविता डोभाल, विष्णु दत्त भट्ट, जीतपाल नेगी, धर्मेन्द्र पँवार, संजय गैरोला मौजूद रहे।

### लापरवाही पर अधकारियों के वेतन रोकने दिए निर्देश

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने शुक्रवार को प्लास्टिक अपशिष्ट निस्तारण को लेकर जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपशिष्ट प्लास्टिक निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले बीडीओ जौनपुर, एएमए जिला पंचायत और कर अधिकारी जिला पंचायत का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के डीएम ने निर्देश दिए।जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि विभागीय लापरवाही से किसी भी प्रकार से अपशिष्ट प्लास्टिक निस्तारण का कार्य प्रभावित न हो। कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट निस्तारण को लेकर जनपद के समस्त बीडीओ से जानकारी लेते हुए सभी को सम्बधित अधिकारियों के साथ बैठक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में छापामारी करने, युवा कल्याण विभाग के महिला मंगल दलों को सक्रिय करने, कूड़ा वाहनों का रोस्टर प्रधानों को शेयर करने तथा साफ-सफाई की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

### चंबा में जगदशिला डोली से लिया आशीर्वाद

नई टिहरी। 11 संकल्पों को लेकर उत्तराखंड के भ्रमण पर निकली विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा का चंबा पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने स्वागत करते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। शुक्रवार को चंबा के वीसी गबर सिंह चौक पहुंचने पर जगदीशिला डोली यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भोलेनाथ के जयकारों के साथ लोगों ने डोली पर फूल-मालाएं और अक्षत अर्पण किए।

### तीर्थनगरी देवप्रयाग में गहराने लगा पेयजल संकट

नई टिहरी। तीर्थनगरी में गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल संकट गहराने लगा है। जल संस्थान की तमाम कोशिशों के बाबजूद मांग के अनुरुप यहां जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इसको देखते रंदीगाड पेयजल योजना की पुरानी लाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति बढ़ाने की कवायद जल संस्थान ने शुरू कर दी है। दो नदियों की संगमस्थली देवप्रयाग में लगातार बढ़ रहे पारे का असर यहां की जलापूर्ति पर पड़ने लगा है।

### यात्रा रूट के वाटर कूलर व हैंड पंप शोपीस बने

नई टिहरी। चारधाम यात्रा के मुख्य केंद्र घनसाली बाजार में नगर पंचायत द्वारा लगाया गया वाटर कूलर बीते एक साल से शोपीस बना है। यह वाटर कूलर चारधाम यात्रियों की सुविधा के लिए डेढ़ लाख की लागत से लगाया गया था। जबकि जल संस्थान का हैंड पंप भी लंबे समय से खराब पड़ा है। स्थानीय निवासी कुशाल रावत का कहना है कि नगर पंचायत घनसाली का यह वाटर कूलर लगते ही खराब हो गया था। जबकि वाटर कूलर पर जाने वाले पानी का पाइप भी कुछ दिन बाद ही टूट गई। नगर पंचायत की उदासीनता के चलते यह वाटर कूलर बीते एक साल से शोपीस बना है। बगल में लगा जल संस्थान का हैंडपंप भी लंबे समय से बंद पड़ा है। स्थानीय निवासी दिगपाल कठैत का कहना है कि यात्रियों के अलावा बैंकों में आने-जाने वाले लोगों और आवाजाही करने वाले स्थानीय लोगों को भी पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। नगर पंचायत घनसाली के ईओ सुशील बहुगुणा का कहना है कि वाटर कूलर की पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो रखी है। जिसे शीघ्र मररम्मत कर शुरू किया जाएगा। जल संस्थान के जेई ब्रह्मपाल ने कहा कि क्षेत्र में खराब पड़े हैंडपंपो की मरम्मत का कार्य जल्द कराया जा रहा है। यात्रा सीजन में सभी हैंडपम्पों को चालू किया जाएगा।

### कफूल्टा गांव के जंगलों में आग से नुकसान

नई टिहरी। वीरवार देर शाम को मसूरी वन प्रभाग के जौनपुर रेंज कार्यालय के पास ही कफूल्टा गांव के जंगलों में भीषण आग लगने से वन संपदा को नुकसान हुआ है। आग इतनी भयंकर की थी कि उसके धुंएं का गुब्बार पूरे क्षेत्र में फैल गया। टिहरी जिले में वनाग्नि की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार हो रही बूंदाबांदी के बावजूद बीते एक सप्ताह में विभिन्न स्थानों पर वनाग्नि की घटनाएं बढ़ी हैं। बीते शाम को कफूल्टा गांव के दड़वा और पागरी नामे तोक के अचानक से लगी आग से पूरा जंगल जलकर खाक हो गया। वन कर्मी रातभर आग बुझाने में लगे रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। शुक्रवार दोपहर बाद भी आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। आग से पेड़ पौधों के अलावा वन्य जीव जंतुओं को काफी नुकसान पहुंचा है।

# कहां है उबलती नदी, 100 डिग्री है पानी का तापमान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : धरती पर कई ऐसी अजीबोगरीब चीजें हैं, जो आम लोगों के लिए रहस्य की तरह हैं. कोई नदी हो या कोई जंगल, कोई पर्वत हो या कोई जीव, हमारी पृथ्वी पर विचित्रों चीजों की भरमार है. ऐसी एक अजीब नदी है, जिसका पानी 100 डिग्री सेल्सियस तक खौलता है. इसे उबलती नदी कहा जाता है. इस नदी में जो भी जीव जाता है, उसकी मौत होना निश्चित है ! तो सवाल ये उठता है कि ये उबलती नदी आखिर धरती पर कहां है और इसका पानी कैसे उबल रहा है।


मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यूट्यूबर और ट्रैवलर Jay Swingler ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर इस नदी से जुड़ा वीडियो पोस्ट किया और बताया कि वो जब यहां गए, तो उन्होंने अपने लिए एक पॉट नूडल तैयार किया. उन्होंने नूडल के पॉट में इस नदी का उबलता पानी डाला और उनकी नूडल पलक झपकते ही बनकर तैयार हो गई. इस नदी का नाम है Shanay-timp-ishka जो अमेजन नदी की एक सहायक नदी है और पेरू में बहती है।

इसे दुनिया की इकलौती उबलते पानी की नदी माना जाता है. माय बेस्ट प्लेस वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार इस नदी की गहराई 6 मीटर तक है और चौड़ाई 25 मीटर तक है. ये अमेजन के जंगलों के भीतर बहती है और इसका तापमान 95 डिग्री सेल्सियस से लेकर 100 डिग्री सेल्सियस तक रहता है. रिपोर्ट के अनुसार इसका पानी इतना गर्म है कि किसी भी जीव की जान ले सकता है. सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि इस नदी के पास कोई भी ज्वालामुखी नहीं मौजूद है।

आज के वक्त में इस नदी के पास आकर लोग कैंपिंग करते हैं. यहां के लोकल लोगों का मानना है कि इस पानी में घाव और बीमारियों को खत्म करने की ताकत होती है. इस वजह से लोग इसे पवित्र भी मानते हैं. जब पानी की जांच हुई, तो उसके अंदर कुछ जीवों की लाशें भी मिलीं. लोगों का मानना है कि इसका पानी उबलने के पीछे कारण, हॉट स्प्रिंग्स हैं, पर दावे से कोई ये नहीं बोल सकता है।



# लो जी! आ गई हेड ट्रांसप्लांट मशीन, जो इंसानों को बना देगी अमर



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 मई : साइंस की दुनिया में कुछ ऐसे चमत्कार हो रहे हैं, जो हैरान करने वाले हैं. कुछ दिनों पहले एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने एक अपाहिज शख्स के ब्रेन में चिप लगा दी थी. दावा किया था कि अब कंप्यूटर से उसका दिमाग कंट्रोल होगा. हाथ पैर चलाने की जरूरत ही नहीं. एक पोस्ट भी शेयर किया गया, जिसमें ऐसा होता नजर भी आया. लेकिन अब एक और चमत्कार हुआ है. वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला हेड ट्रांसप्लांट सिस्टम बना लेने का दावा किया है. ऐसी मशीन, जो दूसरे के शरीर में आपका सिर और रीढ़ की हड्डी फिट कर देगी. इससे इंसान जब तक चाहे, तब तक जी सकेगा. आप कह सकते हैं कि अमर होने का रास्ता खुल जाएगा।

अपने प्रयोगों से अक्सर दुनिया को चौंकाने वाले न्यूरोसाइंस और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग स्टार्टअप ब्रेन ब्रिज ने हेड ट्रांसप्लांट सस्टिम विकसित किया है. उनका कहना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और रोबोटिक्स का इस्तेमाल करते हुए अगले 8 साल में हम इसे हकीकत में बदल देंगे. कंपनी का दावा है कि वे इस सिस्टम से मृत के बाद दान किए गए शरीर पर दूसरे इंसान का सिर लगा सकते हैं. यानी अगर किसी का शरीर स्टेज 4 कैंसर से ग्रसित है और मौत नजदीक है, कोई पैराडाइज है और शरीर के अंग काम नहीं कर रहे हैं, ऐसे लोगों का सिर मृत शरीर पर लगा देंगे. वे फिर पहले की तरह काम करने लगेंगे।

कंपनी के मुताबिक, अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह रामबाण साबित हो सकता है. कंपनी ने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें दो रोबोट लेटे हुए हैं. दोनों पर एक साथ सर्जरी हो रही है. देखते ही देखते एक रोबोट का सिर निकालकर आसानी से दूसरे रोबोट में फिट कर दिया जाता है. देखने में यह हॉलीवुड का कोई सीन लग सकता है, लेकिन अमेरिकी स्टार्टअप ब्रेनब्रिज ने यह करके दिखाया है।

दुनियाभर के विशेषज्ञ इस दावे से हैरान हैं. उन्होंने इसे काल्पनिक बताया है. लेकिन कंपनी का दावा है कि उसे इसका मूल सूत्र मलि गया है और अगले 8 साल में वे इसे करके दिखाएंगे. इस प्रोजेक्ट को दुबई के बायोटेक्नोलॉजिस्ट हाशेम अल-घैली लीड कर रहे हैं. ब्रेन ब्रिज के सीईओ डॉ. सर्गेई पेलियान ने कहा, हम हर चरण पर व्यापक साइंटिफिक रिसर्च कर रहे हैं. हमारा लक्ष्य मेडिकल साइंस को चरम पर ले जाना है, ताकि घातक स्थिति यों का मुकाबला किया जा सके. रीढ़ की हड्डी, तंत्रिकाओं की दिक्कतों को दूर किया जा सके. रक्त वाहिकाओं की समस्याओं को दुरुस्त किया जा सके. हालांकि, हाशेम अल-गैली ने कहा, हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है. हम आश्चर्यचकित करने वाले नतीजे देंगे।

# गर्मी को देखते हुए कोरोनेशन अस्पताल का बाल चिकित्सा वार्ड सतर्क : PMS डॉ तोमर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 25, मईगर्मियों की दस्तक होते ही बच्चों में आमतौर पर होने वाली बीमारियों को देखते हुए देहरादून का कोरोनेशन अस्पताल पहले से ही अलर्ट मोड पर आ गया है। पीएमएस डॉक्टर तोमर ने बताया कि बदलते हुए मौसम को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य में जरा सी भी लापरवाही गंभीर हो सकती है जिसके लिए हमें अतिरिक्त ध्यान देने की जरूरत होती है। डॉक्टर तोमर ने कहा कि उनके जिला अस्पताल में शिशु रोग विभाग में तीन पीडियाट्रिक्स डॉक्टर इलाज के लिए आने वाले बच्चों के लिए खास तौर पर 24 घंटे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य विभाग नियमित तौर पर अपनी बेहतर सेवाएं मरीज को उपलब्ध करा रहे हैं डॉ तोमर ने न्यूज़ वायरस नेटवर्क से बात करते हुए कहा कि गर्मियों के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता रखनी चाहिए क्योंकि जरा सी भी लापरवाही बच्चों की सेहत से खिलवाड़ करने जैसी होगी, उन्होंने कहा कि इस मौसम में सभी को अपने शरीर में पानी की मात्रा का ध्यान रखना होता है खास तौर पर बच्चों में डायरिया और दस्त के लक्षण नजर आने पर उन्हें ओआरएस का घोल




प्राथमिक तौर पर देकर अपने निकटतम डॉक्टर को जरूर दिखाना चाहिए। डॉ तोमर ने कहा कि गर्मियों में हमें अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए बगैर प्यास के भी पानी जरूर पीना है इसके साथ ही खान-पान पर ध्यान देते हुए हमें कभी भी बासी भोजन गर्मियों में नहीं खाना चाहिए।

डॉ तोमर ने कहा कि गर्मियों के साथ ही बारिश की शुरुआत होने पर डेंगू मच्छर का प्रकोप भी बढ़ने का खतरा रहता है जिससे बचने के लिए अपने घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए क्योंकि इसमें मच्छर पनपते हैं ।हमें डेंगू मलेरिया इत्यादि मच्छर जनित रोगों से पीड़ित होने की आशंका रहती है ।मालूम हो कि कोरोनेशन अस्पताल 2016 तक उप जिला संयुक्त चिकित्सालय था। उस दौरान दून अस्पताल का नाम जिला अस्पताल हुआ करता था। 2016 में दून अस्पताल को दून मेडिकल कॉलेज की श्रेणी मिल गई। उसके बाद कोरोनेशन अस्पताल को उप जिला से जिला अस्पताल बना दिया गया था तब से इस अस्पताल में इलाज के लिए मरीजों की काफी भीड़ देखी जा रही है।

# 21 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए कार्यक्षेत्र

रुद्रप्रयाग। राज्य स्तर से जनपद के लिए चयनित 21 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को कार्यक्षेत्र दे दिए गए है। साथ ही उन्हें 13 जून तक ज्वाइनिंग करने के निर्देश भी दिए गए है। 2 एचसीओ अनुपस्थिति रहे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जनपद में 23 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के पद रिक्त चल रहे थे। जिसके सापेक्ष राज्य स्तर द्वारा 23 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को चयनित किया गया। शुक्रवार को नवचयनित सीएचओ को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया जिसमें से 21 सीएचओ काउंसलिंग में उपस्थित रहे। मेरिट के आधार पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर/केंद्रों के चयन की प्रक्रिया के आधार पर सीएचओ को क्षेत्र आवंटित किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमकुंड साहिब कपाट खोलने के लिए रवाना हुआ पहला जत्था

चमोली। श्री हेमकुंड साहिब यात्रा की शुरुआत हो गई है। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 24 मई को गुरुद्वारा गोविंदघाट से पंच प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ। गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह और बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने जत्थे को रवाना किया। प्रस्थान से पहले गोविन्द घाट गुरूद्वारा दरबार हॉल में श्री अखण्ड पाठ, कीर्तन तथा सरवत के भले के लिए गुरु चरणों में अरदास की गई। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को सुबह 9.30 बजे खोले जाएंगे। श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग पर विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए है। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए सुरक्षा के दृष्टिगत शुरुआती दिनों में प्रतिदिन 3500 श्रद्धालुओं की सीमा भी निर्धारित की गई है।

### परीक्षा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर रहेगी धारा-144

चमोली। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर में आगामी 26 मई को प्रातः 10 से 12 बजे तक समूह 'ग' के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक और विधि विज्ञान प्रयोगशाला के लिए प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में धारा-144 लागू रहेगी। परगना मजिस्ट्रेट चमोली राजकुमार पांडेय ने यह आदेश जारी किए है। आदेश के मुताबिक परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगें। ध्वनि विस्तारक यंत्रों, शस्त्र, लाठी, चाकू, पाठ्य सामग्री, मोबाइल, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर तथा ऐसी कोई भी सामग्री नहीं रखेगा, जिससे परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न हो। उन्होंने बताया कि यह आदेश 25 मई की सायं 5 बजे से 26 मई को सायं 5 बजे तक लागू होगा। आदेश के उल्लंघन पर बिना वारंट गिरफ्तार करने के साथ ही भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत दंडनीय होगा।

### भालू की पित्ती की थैली के साथ दो पकड़े

चमोली। पुलिस ने गुरुवार देर रात देवाल अस्पताल तिराहे पर चौकिंग के दौरान दो लोगों को भालू की पित्ती की थैली के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस चौकी देवाल और एसटीएफ कुमाऊं व एएनटीआर की टीम ने मुखबीर की सूचना पर देवाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तिराहे पर रात 11 बजे दो लोगों को पैदल चल कर आते देखा। पुलिस ने इन दोनों को रोका और इनके बैग की तलाशी करने पर इनके पास से दो-दो पीस भालू की पित्ती के बरामद हुए। देवाल के पुलिस चौकी इंचार्ज विनोद रावत ने बताया है कि भालू की पित्ती के साथ देवाल के वाण गांव निवासी 52 वर्षीय बलवंत सिंह पुत्र हिम्मत सिंह और कुलिग गांव निवासी 54 वर्षीय मेहरबान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह को पकड़ा है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। टीम में एएनटीआर के इंस्पेक्टर पवन स्वरूप, कांस्टेबल कृष्ण भंडारी प्रफुल्ल नौटियाल आदि मौजूद थे।

# VoW बुक अवाड्र्स 2024 के लिए सैकड़ों पुस्तकें नामांकित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,25, मई देहरादून के वैली ऑफ वड्र्स इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट्स फेस्टिवल का इस साल 8 वाँ संस्करण जारी किया गया है। 'VoW बुक अवाड्र्स2024' के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं के 30 प्रकाशनों द्वारा लगभग 500 पुस्तकों को नामांकित किया गया। मालूम हो कि हर साल VoW बुक अवाड्र्स से कुल आठ श्रेणियों में उत्कृष्ट कृतियों को पुरस्कृत किया जाता है।साल 2024 के बुक अवाड्र्स के लिए नामांकन फॉर्म जनवरी महीने में वैली ऑफ वड्र्स की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड किया गया था। हिंदी और अंग्रेजी में फिक्शन (कथा), हिंदी एवं अंग्रेजी में नॉन-फिक्शन (कथेतर), भारतीय भाषाओं से हिंदी एवं अंग्रेजी मेंए अनुवाद,राइटिंग्स फॉर यंग ऐडल्ट्स तथा राइटिंग्स फॉर चिल्ड्रन - सभी आठ श्रेणियों में नामांकन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024 तय की गई थी।

नामांकन फॉर्म जारी किए जाने के बाद अगले 9 सप्ताह तक VoW सचिवालय को सभी श्रेणियों में भारी संख्या में पुस्तकों के नामांकन प्राप्त हुए। इनमें से अंग्रेजी नॉन-फिक्शन श्रेणी में सर्वाधिक पुस्तकें नामांकित की गई, जिनकी संख्या ने लगभग दो सौ के आँकड़े को छू लिया। मई माह में सभी श्रेणियों में दस-दस पुस्तकों की लॉंगलिस्ट 2024 VoW बुक अवाड्र्स की जूरी को भेजी गई, जिसमें पूर्व वर्ष के बुक अवाड्र्स विजेता सम्मिलित होते हैं।अगले कुछ सप्ताह में प्रतिष्ठित जूरी द्वारा पुस्तकों को पढ़ने, जाँचने एवं उनमें से उत्कृष्ट कृतियों को चुनने की श्रमसाध्य प्रक्रिया शुरू होगी। 19 जून 2024 से वैली ऑफ वड्र्स।शब्दावली द्वारा नॉलेज पार्टनर नैशनल डिजिटल लाइब्रेरी के साथ मिलकर पी एन पणिक्कर के सम्मान में मनाए जाने वाले नैशनल रीडिंग मन्थ के दौरान VoW बुक अवाड्र्स 2024 की शॉर्टलिस्ट जारी की जाएगी। श्री पणिक्कर को केरल में लाइब्रेरी एवं लिटरेसी मूवमेंट का जनक माना जाताहै।

फेस्टिवल डायरेक्टर डॉ संजीव चोपड़ा ने कहा कि"हम समस्त आठ विधाओं में प्राप्त पुस्तकों को असाधारण उच्च मानक और विविधता से अभिभूत हैं।निश्चित तौर पर जूरी को शॉर्टलिस्ट का चयन करने में कठिनाई महसूस होगी, क्योंकि पुस्तकोंकी गुणवत्ता, डिज़ाइन प्रारूप एवं कवर और बैक पेज पर ध्यान देने से ज्ञात होता है कि उक्त सभी पैमानों पर पुस्तकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।"


सभी आठ श्रेणियों के अंतिम विजेताओं की घोषणा नवंबर माह के शुरुआत में की जाएगी तथा 16-17 नवंबर को वैली ऑफ वड्र्स।शब्दावली के देहरादून में आयोजित होने वाले मुख्य महोत्सव के दौरान उन्हें पुरस्कार से नवाज़ा जाएगा।

VoW शब्दावली साहित्य के साथ ही कला और कलाकारों को भी प्रोत्साहन देता है। इति नाट्य (नाटक का मंचन), इति नृत्य (भारतीय शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति) आदि इसके ऐसे ही महत्वपूर्ण अंग हैं। साथ ही मासिक कार्यक्रम – ऑथर फ्रॉम दी वैली एवं आफ्टनूनस विद एन ऑथर – के साथ 'कैन्डिड कन्वरसेशन' भी महत्वपूर्ण साहित्यिक चर्चाओं का आयोजन करते हैं।वैली ऑफ वड्र्स।शब्दावली अंग्रेजी एवं हिंदी, दोनों भाषाओं के साहित्य और साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने वाले महत्वपूर्ण मंच के रूप में स्थापित हुआ है। साथ ही यह भारतीय भाषाओं से अनूदित कृतियों और अनुवादकों को पहचान दिलाने वाली महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था के रूप में भी प्रतिष्ठित है।VoW बुक अवाड्र्स की लॉंगलिस्ट, शॉर्टलिस्ट, मासिक कार्यक्रम तथा विभिन्न वर्टिकल सहित सभी जानकारियाँ आधिकारिक वेबसाईट www.valleyofwords.orgतथा सोशल मीडिया अकाउंटस के माध्यम से हासिल की जा सकती है। वैली ऑफ वड्र्स।शब्दावली ने अपनी सहयोगी संस्थाओं और प्रायोजकों के




समर्थन से आठवें वर्ष तक के सफ़र में कई मुकाम हासिल किए हैं।वैली ऑफ वड्र्स लिटरेचर फेस्टिवल साहित्य और कला को इंदौर, पुणे, चेन्नई एवं देहरादून में आयोजन करने वाला भारत का पहला और सबसे बेहतर साहित्यिक समारोह बन चुका है।

## संपादकीय



## आरक्षण का ही देश नहीं

यह देश किसी एक जाति, संप्रदाय, नस्ल, वर्ग, भाषा और जमात का नहीं है। यह देश हिंदू-मुसलमान या जैन-बौद्ध अथवा सिख-जट या पारसी-ईसाई आदि का भी नहीं है। यह देश दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का भी है तथा अल्पसंख्यक सवर्ण गरीबों का भी है। यह देश समस्त भारतीयों का है, लिहाजा सभी के दुख-सुख और हित में सोचना और नीतियां बनाना अनिवार्य है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि इस बार के आम चुनाव में इस विविधता और व्यापकता पर कोई बहस नहीं की गई। सिर्फ मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा सबसे अधिक गूंजता रहा है। विपक्ष के खेमे का लगभग समवेत स्वर रहा है कि मुसलमानों को आरक्षण जरूर देंगे। लालू यादव तो 100 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को ही देने के पैरोकार हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च न्यायालय के फैसले के बाद सार्वजनिक ऐलान किया है कि मुस्लिम आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी लगातार पलटवार करते रहे हैं कि वह मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे। जब तक वह जिंदा हैं, तब तक दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण छिनने नहीं देंगे। आरक्षण किसी का संवैधानिक मौलिक अधिकार नहीं है। हमारे संवैधानिक पुरखों ने एक व्यवस्था 10 साल के लिए तय की थी, ताकि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विषमताएं समाप्त की जा सकें, लेकिन आजादी के 77 साल बाद भी वह 'संवैधानिक कृपा' बरकरार है, विषमताएं भी मौजूद हैं, क्योंकि आरक्षण आज भी लागू है। बल्कि आरक्षण आज राजनीतिक हथियार बन चुका है। संविधान पीठ भी फैसला दे चुकी है कि धर्म पर आधारित आरक्षण 'संवैधानिक' नहीं है। कुछ राज्य सरकारों ने मुसलमानों को धार्मिक कोटा देने की जुर्रत की थी, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन्हें खारिज कर दिया। सिर्फ बिहार और बंगाल ही नहीं, मध्यप्रदेश, गुजरात, उप्र, केरल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्यों में भी कई-कई जातियों की आड़ में मुसलमानों को आरक्षण देने की व्यवस्था है। अदालत की आंख में धूल झोंकी गई है। कई राज्यों में तो भाजपा की सरकारें है। कुछ भी संवैधानिक नहीं है, फिर भी आरक्षण का चुग्गा फेंक कर मुस्लिम तुष्टिकरण और बंधक वोट बैंक की राजनीति खेली जा रही है। मुसलमानों की आड़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या सरीखी देश-विरोधी गतिविधियां भी जारी हैं। यह कड़ा आदेश मुख्यमंत्रियों को भी दिया जाना चाहिए कि ऐसे रंगे सियार वोट बैंक असंवैधानिक हैं, लिहाजा देश में एनआरसी भी अनिवार्य की जानी चाहिए। अब तो कुछ दिनों के बाद नई सरकार भारत में बनेगी, लिहाजा वोट बैंक की चिंताएं कम होंगी, लिहाजा भारत सरकार ऐसा अभियान चलाए, ताकि अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर किया जा सके। हम पूरा दोष घुसपैठियों को या वोट बैंक के तुष्टिकरण को ही नहीं दे सकते, क्योंकि देश में ही कांग्रेस पूरी तरह 'मुस्लिमवादी' रही है। मुस्लिमवादियों के अपने कुतर्क हैं। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने ही 2004 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग गठित किया था। उसने 2007 में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देने की सिफारिश की थी। जस्टिस रंगनाथ मिश्र देश के प्रधान न्यायाधीश रह चुके थे। मुसलमानों के लिए ही सच्चर कमेटी का गठन किया गया। यूपीए सरकार के तहत अलग से 'अल्पसंख्यक मंत्रालय' भी बनाया गया, जिसका फोकस मुसलमानों पर ही रहा है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मो.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## रिटायर जवान के साथ धोखाधड़ी, केस दर्ज

हरिद्वार।पुलिस के मुताबिक हीरा सिंह पुंडीर निवासी लक्ष्मी नगर, मोहनपुरा रुड़की ने शिकायत कर बताया कि वह फौजी से रिटायर हैं। बताया कि खेती के लिए उसे जमीन की जरूरत थी। विशाल कुमार निवासी ग्राम शांतरशाह और अशोक कुमार निवासी ग्राम भारापुर भौरी से पिछले साल मार्च में मुलाकात हुई। तब दोनों ने रोड से लगती हुई जमीन उन्हें दिखाई। जमीन की मालिक नसीमा निवासी ग्राम घोड़े वाला भारापुर भौरी से मुलाकात कराई। उसने बताया, जमीन अशोक को दे रखी है। जमीन उसी के द्वारा बेचने की बात कही। 17 मई 2023 को जमीन की कीमत लगाई गई।

### भीषण गर्मी के चलते पानी का संकट, खराब व्यवस्था में पड़े हैंडपंप

हरिद्वार।गांव रानीमाजरा, फेरुपुर, घिस्सुपुरा, पदार्था, चांदपुर, अम्बुवाला, झाबरी, डोगीवाला आदि गांव में करीब दस वर्ष पूर्व पेयजल निगम और ग्राम पंचायत की ओर से कुछ हैंडपंपों को लगाया गया है। जिनमें से अधिकांश हैंडपंप देखरेख नहीं होने के कारण खराब व्यवस्था में है तो कुछ पर लोगों ने अपना कब्जा कर लिया है। इक्का दुक्का हैंडपंप सही स्थिति में है, जो ग्रामीणों को पानी दे रहे है। भीषण गर्मी के कारण ग्रामीणों के घरों में लगे निजी हैंडपंप भूमिगत जल स्तर कम होने के कारण पानी नहीं दे रहे है।

### सिडकुल कर्मचारी से मोबाइल फोन छीना, केस दर्ज

हरिद्वार।कंपनी से काम कर घर लौट रहे सिडकुल कर्मचारी से मोबाइल फोन छीनकर बाइक सवार फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना 22 मई की है, जब सिडकुल में काम करने वाला युवक झगडू पुत्र रंजीत कंपनी से रावली महदूद स्थित अपने किराये के मकान पर जा रहा था। दवा चौक के पास एक बाइक पर सवार दो युवक आए पीछे से बाइक रोककर युवक से फोन छीनकर फरार हो गए। एसओ मनोहर भंडारी ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला शिक्षाधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय में प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिद्वार।सीईओ ने विद्यालय के कंप्यूटर रूम के साथ-साथ अन्य कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की संख्या की जानकारी ली। इस दौरान मुख्य शिक्षाधिकारी ने ग्राम वासियों से विद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने विद्यालय के शिक्षण व्यवस्था के साथ अच्छे भोजन की तारीफ की। केके गुप्ता ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, बच्चों के मानसिक स्तर, शिक्षकों के समर्पण की तारीफ की। इस दौरान प्रधानाचार्य घनश्याम सिंह,सहायक अध्यापक रियाज अली, देवेंद्र कुशवाहा ,नम्रता,उप ग्राम प्रधान कविता, एसएमसी के अध्यक्ष नीटू सैनी आदि मौजूद रहे।

### रात अंधेरे में काटी, उत्तरी हरिद्वार में सात घंटे बिजली गुल

हरिद्वार।धर्मनगरी के शहरी क्षेत्र में करीब चार लाख की आबादी अघोषित बिजली कटौती से परेशान रही। गुरुवार की रात उत्तरी हरिद्वार के कई इलाकों पूरी रात बिजली गुल रही, जबकि कनखल, मध्य हरिद्वार, ऋषिकुल और ज्वालापुर में दो घंटे रात को बिजली कटौती की गई। इधर, ऊर्जा निगम ने चीला पावर हाउस बंद होने की वजह से बिजली की किल्लत होने की बात कही है। इन दिनों पारा लगातार चढ़ रहा है। अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान है। हालांकि, शहरी क्षेत्र में घोषित रोस्टिंग नहीं की जा रही है। लेकिन ऊर्जा निगम पिछले तीन चार दिनों से रात के समय ज्वालापुर, गुरुकुल, कनखल आदि क्षेत्र में एक फेस की बिजली सप्लाई दो घंटे तक बंद कर देता है।

### कांग्रेस ने बिजली की अघोषित कटौती को रोकने की मांग की

हरिद्वार। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन के मुख्य अभियंता वितरण मोहित जोशी और अधीक्षण अभियंता प्रदीप चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है।पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि शहर के तमाम क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से आम जनमानस, व्यापारी, होटल व्यवसायी और बाहर से आने वाले यात्री परेशान हैं। बार-बार कट लगने से बिजली के उपकरण फुंकने की भी शिकायतें आ रही हैं। इससे लोगों का काफी नुकसान हो रहा है।

### कॉलेज में स्नातक विषयों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

हरिद्वार।उत्तरांचल पीजी कॉलेज में स्नातक विषयों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। छात्राओं के लिए प्रवेश पंजीकरण निशुल्क किया गया है। प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। कॉलेज का पाठ्यक्रम छात्र छात्राओं को रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। रोजगार के लिए कॉलेज ने कई मल्टी स्पेशलिस्ट कंपनियों के साथ एमओयू किया हुआ है। ताकि छात्र छात्राओं को पढ़ाई के दौरान रोजगार उपलब्ध हो सके। कॉलेज में उच्च मानकों के अनुसार प्रयोगशाला, अच्छी फैकल्टी और समस्त सुविधाएं मौजूद हैं।

### बिजली कटौती से परेशान आश्रम प्रबंधन समिति ने जताई नाराजगी

हरिद्वार।कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने कहा कि भूपतवाला यात्री बाहुल्य क्षेत्र है। बिजली कटौती से सबको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसी के साथ-साथ चारधाम यात्रा और हरिद्वार की अपनी मान्यता के होते हुए विश्व भर के आए हुए लोगों को बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। आरोप लगाया कि हरिद्वार में धर्मशालाओं, आश्रमों, होटल व्यवसायियों का ऊर्जा निगम शोषण कर रहा है। बैठक में तय हुआ कि इस समस्या को लेकर जल्द ही सीएम से प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा।

### पथरी के युवक का हरिद्वार में फोन छीना

हरिद्वार।घटना बीते बुधवार रात की है, जब पथरी घिस्सुपुरा निवासी उस्मान अली पुत्र रियासत अली अपने किसी काम से रात को करीब साढ़े नौ बजे शंकराचार्य चौक पर आए थे। वह सडक किनारे फोन पर बात कर रहे थे, तभी अचानक पीछे से एक बाईक सवार तीन युवक आए और फोन छीनकर फरार हो गए। उस्मान ने पुलिस को बताया कि बाइक के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इंस्पेक्टर भावना कैंथोला ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# चारधाम यात्रा को बनाएंगे यादगार : विनय शंकर पाण्डेय

## अभी तक 09 लाख 67 हजार 302 श्रद्धालु चारधाम में कर चुके हैं दर्शन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- चारधाम यात्रा में क्राउड मैनेजमेंट के लिए आवश्यकता पड़ने पर ही एनडीआरएफ और आईटीबीपी की मदद ली जायेगी
- आयुक्त गढ़वाल ने मीडिया सेंटर, सचिवालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी

उत्तराखंड 25 मई : आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में चारधाम यात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारधाम यात्रा की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सबसे अधिक ध्यान सुरक्षित यात्रा पर दिया जाए। यात्रियों को यदि किन्हीं स्थानों पर ठहराया जा रहा है, तो वहां पर उन्हें सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रद्धालुओं की हर सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जा रहे हैं। चारधाम यात्रा के लिए एक सप्ताह से रूके लोगों को यात्रा पर भेजा जा रहा है। अभी चारों धामों में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये है कि चारों धामों में साफ-सफाई की व्यवस्था उच्च कोटि की हो। इसके लिए दो विशेष अधिकारियों की तैनाती की गई है। ठहराव वाले स्थानों पर स्पेशल सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती करने के निर्देश दिये गये हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट सफाई व्यवस्था की हर दो घंटे में रिपोर्ट भेजेंगे।

आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि 10 मई 2024 को केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तथा 12 मई को बदरीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये। उसके बाद से 23 मई 2024 तक चारों धामों में कुल 09 लाख 67 हजार 302 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यमुनोत्री धाम में 01 लाख 79 हजार 932, गंगोत्री धाम में 01 लाख 66 हजार 191, केदारनाथ में 04 लाख 24 हजार 242 और बदरीनाथ धाम में 01 लाख 96 हजार 937 श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। पिछले वर्षों की तुलना में पहले पखवाड़े में इस वर्ष लगभग दुगुने श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि चारधाम यात्रा में क्राउड मैनेजमेंट के लिए आवश्यकता पड़ने पर ही एनडीआरएफ और आईटीबीपी की मदद ली जायेगी।

आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि चारधाम यात्रा के शुरूआत के दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई, ट्रैफिक जाम की समस्याएं भी आयी। कुछ प्रकरण ऐसे भी पाये गये जिनमें तीर्थयात्रियों के दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन बाद के थे, लेकिन उन्होंने यात्रा पहले प्रारंभ कर ली। कुछ फेक रजिस्ट्रेशन की शिकायते भी प्राप्त हुई, इसको लेकर विभिन्न टूर ऑपरेटर्स के खिलाफ ऋषिकेश में तीन, हरिद्वार में 01 और रूद्रप्रयाग में 09 एफआईआर भी दर्ज की गई। काफी सख्त निर्देश दिये गये हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन और रजिस्ट्रेशन की तय तिथि से पहले यात्रा किसी भी दशा में नहीं करने दी जायेगी।

आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि अभी तक चारधाम यात्रा के लिए आये 52 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। जिसमें अधिकांश लोग 60 वर्ष से





अधिक के हैं। ज्यादातर मृत्यु हृदयघात की वजह से हुई हैं। गंगोत्री में 03, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। श्रद्धालुओं की नियमित स्क्रीनिंग की जा रही है। चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा उपचार और देखभाल के बाद कई श्रद्धालुओं को यात्रा न करने की सलाह दी जा रही है। उसके बाद भी कोई श्रद्धालु यात्रा पर जा रहा है, तो उनसे लिखित में फार्म भरवाने की कार्यवाही की जा रही है। गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि उत्तराखण्ड की आर्थिकी में तीर्थाटन और पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश की आर्थिकी को बढ़ाने में चारधाम यात्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। गढ़वाल आयुक्त ने जानकारी दी कि केदारनाथ जाते समय एक हेलीकॉप्टर के हाइड्रोलिक सिस्टम में कोई टेक्निकल समस्या आयी थी, पायलेट के सूझबूझ से उसकी सॉफ्ट लेंडिंग हुई। उसमें तलिनाडु के 06 यात्री थे सभी सुरक्षित हैं। इस पूरे प्रकरण पर युकाडा की ओर से अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। युकाडा ने इस पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट डीजीसीए को कर दी है।

# 4 बाघों से गुलजार राजाजी टाइगर रिजर्व को डॉ समीर सिन्हा ने दी बधाई





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 25 मई : राजाजी टाइगर रिजर्व से बाघों के संरक्षण के विषय में एक बड़ी खबर सामने आई है। राजाजी के पश्चिमी भाग में बाघों की आबादी को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से कार्बेट टाइगर रिजर्व से अभी तक चार बाघों (01 नर तथा 03 मादा) को राजाजी टाइगर रिजर्व में लाया गया है। इन्हे सर्वप्रथम एक विशेष प्रकार के बाडे में रखा जाता है जहां कुछ समय तक उनकी निगरानी की जाती है। लाये गये बाघों का क्षेत्र में अनुकूलन करने के पश्चात उन्हें खुले वन में विचरण करने हेतु छोडा जाता है। इसके बाद भी उनकी मॉनिटरिंग लगातार उन पर लगाए गए सैटेलाइट कॉलर, कैमरा ट्रैप तथा स्थानीय गश्ती दलों द्वारा लगातार की जाती है।

इन बाघों की लगातार की जा रही मॉनिटरिंग में पता चला है कि इनमें से एक बाघिन द्वारा कुछ समय पूर्व 04 शावकों को जन्म दिया गया है। यह राजाजी में बाघ पुनर्स्थापना योजना की सफलता में एक नया आयाम है।

प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने इसे उत्तराखंड में वन्यजीव संरक्षण में एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए यह अपेक्षा की है कि इस क्षेत्र में बाघों की पुनर्स्थापना के कार्यक्रम की सफलता वन एवं वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के ईको पर्यटन आधारित रोजगार के नये अवसर भी प्रदान करेगा।प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखंड डा० समीर सिन्हा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ साकेत बडोला एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए यह अपेक्षा की है कि इन बाघों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये। उन्होंने इस अवसर पर ट्रांसलेशन कार्य में योगदान के लिए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की टीम की भी प्रशंसा की।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में चोरों ने घर से नगदी उड़ाई

पौड़ी ।जिलाधिकारी ने शुक्रवार को जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में लिंगानुपात में सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने अफसरों को नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को बैठक में डीएम डा.आशीष चौहान ने कहा कि किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र में अनियमितता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए। अफसरों ने बताया कि जिले के 32 अल्ट्रासाउंड मशीनों पर एक्टिव ट्रेकर डिवाइस स्थापित किए गए हैं , जिसकी नियमित निगरानी स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है। हालिया सर्वे में बीरोंखाल, नैनीडांडा, रिखणीखाल, यमकेश्वर व पाबौ में लिंगानुपात अन्य ब्लाकों की तुलना में कम पाए जाने पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में एसीएमओ डा.पारुल, पीसीपीएनडीटी समन्वयक आशीष रावत, सचिव आस्था सेवा संस्थान राकेश चंद्रा, सचिव गढ़वाल जनजागरण चंद्रकांता द्विवेदी आदि शामिल थे।

### गणेश गोदियाल ने बीरोंखाल के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण

पौड़ी। कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बीरोंखाल के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का शुक्रवार को दौरा किया। मौके पर गोदियाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।शुक्रवार को निरीक्षण के बाद गोदियाल ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि इतनी बड़ी आपदा आने के बावजूद भी भाजपा का कोई नेता इन लोगों की शुद्ध लेने नहीं पंहुचा। शुक्रवार को गणेश गोदियाल ने फरसाड़ी, गुडलखील, कुणजोली, सुकई आपदा ग्रस्त गांवों को भ्रमण किया। लोगों ने बताया कि अतिवृष्टि से 20 परिवारों के घरों में मलबा भर गया हैं। गुडलखील महिला मंगल दल ने गोदियाल को बताया कि बुधवार को हुई अतिवृष्टि से उनके गांव की पेयजल आपूर्ति कराने वाली योजना के पाइप बूरी तरह से मलबे में बह गए हैं। जिससे उनके सामने पानी की समस्या खड़ी हो गई हैं। सुकई के ग्रामीणों ने उन्हें यह भी बताया कि उन्हें शासन से उचित मुआवजा दिलाया जाय। गोदियाल ने कहा कि वहां इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी से शीघ्र मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख राजेश कंडारी, राधा कंडारी, मंडल अध्यक्ष महिपाल शाह, देशबंधु, ख्यात सिंह नेगी आदि थे।

### पौड़ी में 379 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

पौड़ी। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 26 मई को जिले में आयोजित होने वाली प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने को लेकर शुक्रवार को डीएम ने अफसरों की बैठक ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के लिए तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेटों को शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न करवाने के निर्देश दिए। इस परीक्षा के लिए डीएवी इंटर कॉलेज व बालिका इंटर कॉलेज पौड़ी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें 379 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है। कहा कि परीक्षा के दिन 10 से 12 बजे तक परीक्षा केंद्रों में धारा 144 लागू रहेगी। बैठक में सीओ पुलिस अनुज कुमार, सहायक निदेशक उद्यान रमेशचंद्र तिनसोला, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह आदि शामिल थे।

### स्वास्थ्य विभाग को मिले 37 नर्सिंग अफसर

देहरादून। उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग को 37 नए नर्सिंग अधिकारी मिले हैं। इन सभी नर्सिंग अधिकारियों को जिलों में सरकारी अस्पतालों में तैनाती दी गई है। हाईकोर्ट के आदेश पर स्वास्थ्य महानिदेशालय की ओर से तैनाती दी गई है। 34 नर्सिंग अधिकारियों को नैनीताल हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के निर्णय के बाद और तीन नर्सिंग अधिकारियों को एनओसी समेत अभिलेखों की पुष्टि के बाद तैनाती दी गई। इन नए नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती से प्रदेश के पर्वतीय और दूर दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इन तैनाती से अस्पतालों में मरीजों की देखभाल में मदद मिलेगी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद उत्तराखंड मेडिकल सर्विस सेलेक्शन बोर्ड ने 34 नर्सिंग अधिकारियों का चयन परिणाम जारी किया। रिजल्ट के बाद स्वास्थ्य विभाग ने नियुक्ति दी। कुल 37 को जिलों में तैनाती दी गई। चमोली में सात, रूद्रप्रयाग में तीन, पौड़ी में आठ, टिहरी में एक, पौड़ी आठ, टिहरी एक, उत्तरकाशी पांच, नैनीताल एक, अल्मोड़ा दो, बागेश्वर एक, पिथौरागढ़ सात और चंपावत में दो को तैनाती दी गई। स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारी के 1564 पदों में से 1377 नर्सिंग अधिकारियों का चयन किया गया। वर्षवार श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने वाले 84 अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम उच्च न्यायालय में विचाराधीन रिट याचिकाओं के क्रम में रोक दिया गया था। कोर्ट के आदेश पर 34 अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के आदेश के बाद तैनाती दी गई। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि इन नियुक्तियों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

# एसएसपी पौड़ी के निर्देशन में महिला सम्बन्धी अपराधियों पर लगाम कसती पौड़ी पुलिस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 25 मई : स्थानीय निवासी सतपुली ने थाना सतपुली पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि इमरान पुत्र अब्दुल वहिद निवासी सतपुली जनपद पौडी गढवाल ने वादिनी की बाथरुम में नहाते वक्त विडियो बनाई तथा वादिनी के साथ लैंगिग शोषण किया । इस शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सतपुली पर मु0अ0सं0 20/2024 धारा 376,354(ग) भादवि पंजीकृत किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह द्वारा महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए अभियोग का सफल निस्तारण कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष सतपुली को टीम गठित करने हेतु आदेशित किया गया । पुलिस टीम अभियुक्त इमरान पुत्र अब्दुल वहीद निवासी सतपुली, जनपद पौड़ी गढ़वाल को नयार पुल के समीप पौड़ी रोड, सतपुली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के पश्चात जेल भेज दिया गया है।

पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0- 20/2024 धारा 376,354(ग) भादवि0 थाना सतपुली, जनपद पौड़ी।

नाम व पता अभियुक्त इमरान पुत्र अब्दुल वहीदउम्र 40 वर्ष, निवासी सतपुली जनपद पौड़ी गढवाल।

पुलिस टीम1.म0उ0नि0 प्रियंका नेगी2. हे का0 33 ना पु0 कुलदीप सिंह

